# Programme Project Report

## कार्यक्रम परियोजना रिपोर्ट

# Depatment of Journalism

**School of Continuing Education**

**Vardhman Mahaveer Open University, Kota**

**July 2020**

## विश्वविद्यालय : एक परिचय (University: An Introduction)

### प्रस्तावना ( Introduction)

सन् 1986 में देश की केन्द्रीय सरकार ने नई शिक्षा नीति को स्वीकार करते समय यह माना कि स्वतंत्रता प्राप्ति के इतने वर्षों बाद भी भारत में उच्च शिक्षा के लिए उपलब्ध अवसर अपर्याप्त और असमान है। इस नीति में इस बात पर भी बल दिया गया था कि पारम्परिक शिक्षा प्रणाली की सीमाओं को ध्यान में रखते हुए एक नवीन शिक्षा प्रणाली को अपनाया जाये, जो उच्च शिक्षा से वंचित लोगों को शिक्षा के समुचित अवसर प्रदान करें और व्यावसायिक उन्नयन के मार्ग ढूँढने या अपनी शैक्षणिक योग्यताओं में अभिवृद्धि करने के आकांक्षी शिक्षार्थियों को उच्च शिक्षा का सीधा लाभ पहुँचा सके। इन्हीं आधारभूत उद्देश्यों की पूर्ति हेतु मुक्त शिक्षा प्रणाली तथा दूरस्थ शिक्षा प्रणाली को अपनाकर देश भर में नये मुक्त विश्वविद्यालयों की स्थापना की गई। राजस्थान सरकार ने भी दूरदर्शिता का परिचय देते हुए विधानसभा से पारित अधिनियम के अंतर्गत सन् 1987 में कोटा खुला विश्वविद्यालय की स्थापना की। विश्वविद्यालय का मुख्यालय कोटा शहर बनाया गया किन्तु इसका कार्यक्षेत्र सम्पूर्ण राजस्थान को घोषित किया गया। बाद में **21 सितम्बर, 2002 से इसका नाम बदलकर वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा कर दिया गया।** इस प्रकार कार्यक्षेत्र की दृष्टि से यह विश्वविद्यालय आज राजस्थान का सबसे बड़ा विश्वविद्यालय है।

### मान्यता (Objectives)

1. वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा राज्य सरकार के अधिनियम,1987 (न. 35-1987) के अंतर्गत स्थापित है, इसका कार्यक्षेत्र सम्पूर्ण राजस्थान प्रदेश है।
2. यह विश्वविद्यालय यू.जी.सी. से प्राप्त पत्र संख्या एफ –5-11/87(सी.पी.पी )दिनांक 28/30 मार्च,1989 के अनुसार यू. जी.सी. के सैक्शन 12-बी के अंतर्गत देश का एक मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय है।
3. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से प्राप्त पत्र संख्या क्रमांक UGC/DEC/VMOU/06/4483-87, दिनांक 30 जनवरी, 2014 के अनुसार इस विश्वविद्यालय को सतत शिक्षा संबद्धता प्रदान की गई है।
4. राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (NCTE) से प्राप्त पत्र संख्या क्रमांक F-3/RJ-22/ B.Ed. (D.E)/2000/9145 दिनांक 21.08.2000 के अनुसार यह विश्वविद्यालय B.Ed. (Bachelor of Education) कार्यक्रम हेतु मान्यता प्राप्त है |
5. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) के परिपत्र F-I-52/2000(CPP-II) दिनांक 2 नवंबर, 2004 के अनुसार यू. जी. सी. अधिनियम, 1956 सेक्शन 22(I) के अनुसार यह विश्वविद्यालय सभी प्रकार के सर्टिफिकेट, डिप्लोमा और डिग्री देने के लिए अधिकृत है | यूजीसी के अनुसार वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा द्वारा मुक्त/ दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से प्रदान किये गए सर्टिफिकेट, डिप्लोमा और डिग्री परम्परागत विश्वविद्यालय के सर्टिफिकेट, डिप्लोमा और डिग्री के समकक्ष माने जायेंगे|
6. भारतीय विश्वविद्यालय संघ के परिपत्र EV/II(80)/90/176300 दिनांक 26 फरवरी, 1991 के अनुसार इस विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त की जाने वाली समस्त उपाधियाँ मान्यता प्राप्त है| यदि कोई विश्वविद्यालय मान्यता नहीं देता है तो ऐसे मामले विश्वविद्यालय एव संघ के नोटिस में लायें जाने चाहिए|

### उद्देश्य (Objectives)

- उच्च शिक्षा के प्रजातांत्रीकरण के उद्देश्य से शिक्षा प्राप्ति के इच्छुक सभी समूहों, रोजगार प्राप्त व्यक्तियों, महिलाओं, विशेष योग्य जन एवं वयस्कों को शिक्षा प्राप्ति का अवसर प्रदान करना।
- कम लागत पर गुणात्मक एवं रोजगारोन्मुखी उच्च शिक्षा उपलब्ध कराना।
- प्रदेश के उच्च शिक्षा से वंचित दूरस्थ क्षेत्रों, आदिवासी एवं मरूस्थलीय क्षेत्र में उच्च शिक्षा का प्रसार करना।

### प्रमुख विशेषताएँ (Salient Features)

- प्रवेश सम्बन्धी लचीले नियम।
- शिक्षार्थी को उसकी अपनी अध्ययन क्षमताओं और सुविधाओं के अनुरूप अध्ययन के अवसर उपलब्ध करवाना।
- अगली कक्षा में प्रवेश हेतु परीक्षा में उत्तीर्ण होने की बाध्यता नहीं।
- शैक्षणिक पाठ्यक्रमों में मन पसंद विषय चुनने की अधिक स्वतंत्रता।
- आधुनिक संचार और शैक्षणिक तकनीकी का उपयोग।
- दूरस्थ शिक्षार्थियों की मदद के लिये विद्यार्थी सहायता सेवाओं का संचालन।
- रेडियो काउन्सलिंग।
- ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया, ऑनलाइन परीक्षा प्रवेश पत्र (Admit Card)।
- डेबिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग, IMPS एवं ई- मित्र से शुल्क जमा करने की सुविधा|
- वेबसाइट पर प्रश्न बैंक, असाइनमेंट।
- वेबसाइट मे स्टूडेंट वन व्यू (Student one view) एक सुविधा है जिससे विद्यार्थी अपने से सम्बद्ध समस्त जानकारी स्कोलर नंबर एवं जन्म तिथि एंटर कर प्राप्त कर सके।
- स्टूडेंट वन व्यू (Student one view) से ही परिचय पत्र प्राप्त करने की सुविधा|
- विद्यार्थी जिज्ञासा समाधान शिविर।
- वेबसाइट पर डिजीटल अध्ययन सामग्री की उपलब्धता।
- वेबसाइट पर मल्टीमीडिया आधारित व्याख्यान की उपलब्धता।

## सतत शिक्षा विद्यापीठ में पत्रकारिता के शैक्षणिक कार्यक्रम (Academic Programmes)

| | |
|---|---|
| 1/1 | • **पीएचडी / एम फिल (Ph.D/M.Phil. Programme)** |
| 1 | **स्नातकोत्तर उपाधि** कार्यक्रम **(Master Degree Programmes) MJ** |
| 1 | • **स्नातक उपाधि कार्यक्रम (Bachelor Degree Programmes) BJ** |
| 1 | • **स्नातकोत्तर डिप्लोमा कार्यक्रम (PG Diploma Programmes) PGDNM** |
| 1 | • **डिप्लोमा कार्यक्रम (Diploma Programmes) DMC** |

**संकाय सदस्य –**

| Name of Faculty | Post | Educational Qualifications | Subject | Area of Specialization |
|---|---|---|---|---|
| Dr. Subodh Kumar | Associate Professor | Ph.D., MA Journalism PGDBM, MA English | Journalism | Print Media, Science Journalism |

# पत्रकारिता में स्नातकोत्तर उपाधि    कार्यक्रम कोड-एमजे

# Master of Journalism    Programme Code: MJ

**कार्यक्रम का उद्देश्य-** कार्यक्रम को उत्तीर्ण करने के बाद विद्यार्थी मेनस्ट्रीम मीडिया यानी टीवी, रेडियो, प्रिंट या साइबर वर्ल्ड में कहीं भी रोजगार पा सकेगा।

**प्रवेश** – जुलाई और जनवरी सत्र में प्रवेश। ऑनलाइन या ई –मित्र के माध्यम से आवेदन।

**प्रवेश योग्यता** : स्नातक के बाद बीजे की उपाधि।

**अवधि** : न्यूनतम एक वर्ष, अधिकतम 4 वर्ष

**पाठ्य सामग्री का माध्यम** : हिन्दी

**श्रेयांक** : कुल 64 श्रेयांक।

**शुल्क** : रु.12,000 रूपए

**कार्यक्रम संरचना** : कुल 8 पाठ्यक्रम हैं। प्रत्येक पाठ्यक्रम 8 श्रेयांक का है।

| क्रम संख्या (S.No.) | पाठ्यक्रम का विवरण (Name of Course) | पाठ्यक्रम कोड (Course Code) | क्रेडिट (Credit) |
|---|---|---|---|
| 1. | जनसंचार माध्यमों के लिए लेखन<br>Writing for Mass Media | **एमजे-01**<br>**MJ-01** | **8** |
| 2. | फीचर लेखन एवं पत्रिका संपादन<br>Feature Writing and Magazine Editing | **एमजे-02**<br>**MJ-02** | **8** |
| 3. | जनसंचार शोध प्रविधि<br>Mass Communication Research Methodology | **एमजे-03**<br>**MJ-03** | **8** |
| 4. | जनसंचार के सिद्धांत<br>Principles of Mass Communication | **एमजे-04**<br>**MJ-04** | **8** |
| 5. | विशेषीकृत पत्रकारिता एवं समाज<br>Visheshikrat Patrakarita avam Samaj | **एमजे-05**<br>**MJ-05** | **8** |
| 6. | न्यू मीडिया प्रोडक्शन<br>New Media Production | **एमजे-06**<br>**MJ-06** | **8** |
| 7. | न्यू मीडिया एवं समाज<br>New Media avam Samaj | **एमजे-07**<br>**MJ-07** | **8** |
| 8. | व्यावहारिक कार्य प्रश्नपत्र<br>Practical work Paper | **एमजे-08**<br>**MJ-08** | **8** |

## परीक्षा (Examination)

एमजे में कुल आठ प्रश्नपत्र होंगे। इनमें सात पेपर थ्योरी के 100 अंकों के होंगे, जिनमें 80 अंक की सत्रांत परीक्षा एवं 20 अंक का आंतरिक गृहकार्य का होगा। आठवां प्रश्नपत्र एमजे-08 का प्रश्नपत्र व्यावहारिक कार्य का होगा। इसके लिए कोई पाठ्य सामग्री नहीं दी जाएगी। यह प्रश्न पत्र 100 अंकों का होगा। इसके लिए दिशा-निर्देश वेबसाइट पर दिए जाएंगे। यह प्रश्नपत्र विद्यार्थियों को परीक्षा केन्द्र पर देना होगा। इसमें समाचार पत्रों, चैनलों और समाचार वेबसाइटों से मिलने वाली जानकारियों के आधार पर सवाल पूछे जाएंगे। इसमें समाचार लेखन, अनुवाद, इंटरव्यू, फीचर, स्तंभ लेख, संस्मरण, यात्रा, खेल, भेंटवार्ता, मेले, प्रदर्शनियां तथा अखबारों-चैनलों में कामकाज की शब्दावली के अलावा सामयिक महत्व के विषयों पर सवाल होंगे। इसमें कोई भी सत्रीय गृहकार्य नहीं दिया जाएगा। सफल विद्यार्थियों को निम्नानुसार डिग्री दी जाएगी – प्रथम श्रेणी – 60% एवं अधिक, द्वितीय श्रेणी -48% एवं 60% से अधिक, उत्तीर्ण - 36% एवं 48% से कम।

**Cost Estimate of the Programme (in case of Revision) : Not Applicable**

# पत्रकारिता में स्नातक कार्यक्रम (Bachelor of Journalism)
## Programme Code : BJ

**उद्देश्य (Objectives):**

- पत्रकारिता एवं जनसंचार की आरंभिक स्तर की जानकारी देना।
- सरकारी गैर सरकारी कंपनियों में-जन संपर्क अधिकारी (PRO) पद हेतु छात्रों को तैयार करना।
- मीडिया के विभिन्न अंगों के लिए पत्रकार तैयार करना।
- नए परिवेश के मीडिया से परिचित करना और व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना।

| | | |
|---|---|---|
| **प्रवेश योग्यता (Admission eligibility)** | : | किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक (न्यूनतम त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम) उपाधि अथवा समकक्ष |
| **अवधि (Duration)** | : | न्यूनतम 1 वर्ष, अधिकतम 4 वर्ष |
| **अध्ययन सामग्री का माध्यम (Medium)** | : | हिन्दी |
| **श्रेयांक** | : | 48 |
| **शुल्क** | : | रूपए 8,900/- |

**कार्यक्रम संरचना** : कुल 8 पाठ्यक्रम हैं। प्रत्येक पाठ्यक्रम 6 श्रेयांक का है।

| क्रम संख्या (S.No.) | पाठ्यक्रम का विवरण (Name of Course) | पाठ्यक्रम कोड (Course Code) | क्रेडिट (Credit) |
|---|---|---|---|
| 1. | कम्प्यूटर एप्लीकेशन एवं साइबर मीडिया<br>Computer Application and Cyber Media | BJ -01 | **6** |
| 2. | संचार एवं विकासात्मक संचार<br>Communication & Developmental Communication | BJ -02 | **6** |
| 3. | जनसंचार माध्यमों का इतिहास<br>History of Mass Communication Media | BJ -03 | **6** |
| 4. | मीडिया लेखन<br>Media Writing | BJ -04 | **6** |
| 5. | जनसंपर्क एवं विज्ञापन<br>Public Relation & Advertising | BJ -05 | **6** |
| 6. | संपादन, पृष्ठ सज्जा एवं मुद्रण<br>Editing, Layout & Printing | BJ -06 | **6** |
| 7. | मीडिया संस्थान प्रबंधन एवं मीडिया कानून<br>Management of Media Institutes and Media Laws | BJ -07 | **6** |
| 8. | * व्यावहारिक कार्य प्रश्नपत्र<br>Practical work Paper | BJ -08 | **6** |

***** आठवां प्रश्नपत्र बीजे-**08** का प्रश्नपत्र व्यावहारिक कार्य का होगा। इसके लिए कोई पाठ्य सामग्री नहीं दी जाएगी। यह प्रश्न पत्र **100** अंकों का होगा। इसके लिए दिशा-निर्देश विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर दिए जाएंगे। यह प्रश्नपत्र विद्यार्थियों को परीक्षा केन्द्र पर देना होगा। इसमें समाचार पत्रों, चैनलों और समाचार वेबसाइटों से मिलने वाली जानकारियों के आधार पर सवाल पूछे जाएंगे। इसमें समाचार लेखन, अनुवाद, इंटरव्यू, फीचर, स्तंभ लेख, संस्मरण, यात्रा, खेल, भेंटवार्ता, मेले और प्रदर्शनियां तथा अखबारों-चैनलों में कामकाज की शब्दावली के अलावा सामयिक महत्व के विषयों पर सवाल आधारित होंगे। इसमें कोई भी सत्रीय/आन्तरिक गृह कार्य नहीं दिया जाएगा।

**परीक्षा पद्धति (Examination Pattern):**

**सत्रीय गृहकार्यः** प्रत्येक पाठ्यक्रम (प्रश्नपत्र) में सत्रीय/आन्तरिक गृह कार्य **30** अंकों का होगा। प्रत्येक पाठ्यक्रम(प्रश्नपत्र) में एक सत्रीय / आन्तरिक गृह कार्य करना होगा। सत्रीय/आन्तरिक गृह कार्य पूर्ण करके सत्रांत परीक्षा से पूर्व संबंधित क्षेत्रीय केन्द्र/ अध्ययन केन्द्र पर विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित दिनांक से पूर्व जमा करवाना होगा। **BJ-08** में कोई सत्रीय कार्य नहीं दिया जायेगा|

**सत्रांत (मुख्य) परीक्षाः** न्यूनतम अवधि अर्थात् **1** वर्ष के बाद विद्यार्थी की प्रत्येक पाठ्यक्रम (प्रश्नपत्र) की तीन घंटे की लिखित परीक्षा होगी। प्रत्येक पाठ्यक्रम (प्रश्नपत्र) की सत्रांत परीक्षा के लिए अधिकतम **70** अंक निर्धारित हैं । प्रत्येक पाठ्यक्रम(प्रश्नपत्र) के दोनों भागों अर्थात सत्रांत परीक्षा एवं सत्रीय/आन्तरिक गृह कार्य में उत्तीर्ण होने के लिए दोनों में अलग- अलग उत्तीर्णांक **36** प्रतिशत हैं। यदि विद्यार्थी कुछ पाठ्यक्रम (प्रश्नपत्र) को उत्तीर्ण नहीं कर पाया है तो उस पाठ्यक्रम (प्रश्नपत्र) को उत्तीर्ण करने के लिए छः माह बाद होने वाली आगामी परीक्षा में निर्धारित अधिकतम अवधि के अंदर पुनः बैठ सकता है।

अंक तालिका में सत्रीय/आन्तरिक गृह कार्य एवं सत्रांत परीक्षा के अंकों को अलग-अलग दर्शाया जायेगा। सफल विद्यार्थियों को निम्न तालिका के अनुसार श्रेणी प्रदान की जाएगी-

प्रथम श्रेणी – **60%** एवं अधिक

द्वितीय श्रेणी - **48%** एवं **60%** से कम

उत्तीर्ण - **36%** एवं **48%** से कम

**Cost Estimate of the Programme (in case of Revision) : Not Applicable**

# न्यू मीडिया में स्नातकोत्तर डिप्लोमा कार्यक्रम
## (Post Graduate Diploma in New Media)
## Programme Code: PGDNM

**उद्देश्य** : विद्यार्थियों को न्यू मीडिया की जानकारी देकर उसके विभिन्न अवयवों का प्रशिक्षण प्रदान करना।

**प्रवेश योग्यता-** : मान्यता प्राप्त विवि से स्नातक /समकक्ष उपाधि।

**अवधि** : न्यूनतम एक वर्ष व अधिकतम चार वर्ष।

**शुल्क** : 15,100 रूपए।

**माध्यम** : कार्यक्रम हिन्दी माध्यम में होगा। पाठ्य सामग्री हिन्दी में होगी। विद्यार्थी परीक्षा में सवालों के जवाब हिन्दी या अंग्रेजी में दे सकता है। पाठ्यक्रम के लिए हिन्दी और अंग्रेजी भाषा का ज्ञान जरूरी है।

**श्रेयांक** : 30

**कार्यक्रम संरचना** : कुल 5 पाठ्यक्रम हैं।

**पीजीडीएनएम के एक वर्षीय पाठ्यक्रम में निम्न पेपर होंगे।**

| क्र. सं.<br>Sr. No. | पाठ्यक्रम का विवरण<br>Name of Course | पाठ्यक्रम कोड<br>Course Code | क्रेडिट<br>Credit |
|---|---|---|---|
| 1. | जनसंचार अवधारणा और मीडिया कानून<br>Mass Communication Concept and Media Laws | PGDNM-01 | 6 |
| 2. | डिजिटल मीडिया प्रोडक्शन<br>Digital Media Production | PGDNM-02 | 6 |
| 3. | वेब पत्रकारिता: कौशल, तकनीक एवं प्रबंधन<br>Web Journalism: Skill, Technique & Management | PGDNM-03 | 6 |
| 4. | न्यू मीडिया : समाज एवं मुद्दे<br>New Media: Society and Issues | PGDNM-04 | 6 |
| 5. | प्रोजेक्ट -Project | PGDNM-05 | 6 |

**परीक्षा प्रणाली (Examination Pattern)**

कार्यक्रम में चार पेपर थ्योरी के 100-100 अंकों के होंगे। पांचवां पेपर प्रोजेक्ट का होगा। **सत्रांत मुख्य परीक्षा**-न्यूनतम अवधि यानी एक वर्ष के बाद विद्यार्थी को हर पाठ्यक्रम में तीन घंटे की लिखित परीक्षा देनी होगी। हर प्रश्नपत्र 100 अंक का होगा। पाठ्यक्रम में उत्तीर्ण होने के लिए 36 फीसदी अंक सत्रीय व सत्रांत परीक्षा में लाना अनिवार्य है। सफल विद्यार्थियों को निम्न तालिका के अनुसार श्रेणी प्रदान की जाएगी-

**प्रथम श्रेणी** - 60% एवं अधिक,

**द्वितीय श्रेणी** - 48% एवं 60% से कम,

**उत्तीर्ण** - 36% एवं 48% से कम

**प्रोजेक्ट-** पांचवां प्रश्न पत्र प्रोजेक्ट का होगा। इसमें विद्यार्थी दो प्रकार से सम्मिलित हो सकेंगे। हर विद्यार्थी को चार से पांच दिन के ट्रेनिंग कैंप में सम्मिलित होना पड़ेगा। ये कैंप सितंबर-अक्तूबर और जनवरी-फरवरी के महीने में हर क्षेत्रीय केन्द्र पर लगाए जाएंगे। प्रोजेक्ट के विषय विवि की वेबसाइट पर मौजूद रहेंगे और उसे पूरा करके विषय संयोजक के पास डाक द्वारा

कोटा में जमा कराना होगा। कैंप में प्रशिक्षण के बाद परीक्षा ली जाएगी। आवश्यकतानुसार इसमें संशोधन भी किया जा सकता है।

**अथवा**

एक महीने की इंटर्नशिप वीएमओयू कोटा के स्टूडियो में कराई जाएगी। विद्यार्थी को कोटा में अपने प्रवास का इंतजाम करना होगा। प्रोजेक्ट के विषय विवि की वेबसाइट पर मौजूद रहेंगे और उसे पूरा करके विषय संयोजक के पास डाक द्वारा कोटा में जमा कराना होगा। इंटर्नशिप के दौरान विद्यार्थी की प्रैक्टिकल परीक्षा होगी और इसमें प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। विवि के पास सीट सुरक्षित करने का अधिकार रहेगा। एक निश्चित सीमा तक ही छात्रों को इंटर्नशिप कराई जाएगी। आवश्यकतानुसार इसमें संशोधन हो सकता है।

**Cost Estimate of the Programme (in case of Revision) : Not Applicable**

# डिप्लोमा इन मास कम्यूनिकेशन

## (Diploma in Mass Communication) Prog. Code : DMC

**उद्देश्य (Objectives):**

- मीडिया के आधारभूत ज्ञान की अभिवृद्धि करना।
- पत्रकारिता के विभिन्न आयामों की प्रारंभिक जानकारियां प्रदान करना|
- अखबार, पत्रिका, टीवी चैनलों और साइबर मीडिया में रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाना।

**प्रवेश योग्यता (Admission eligibility)** : किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से सीनियर सैकैण्डरी 10+2 अथवा समकक्ष या किसी भी खुला विश्वविद्यालय से बीएपी /बीसीपी / बीएससीपी उत्तीर्ण या 1989 तक राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर से हायर सेकैण्डरी उत्तीर्ण

**अवधि (Duration)** : न्यूनतम 1 वर्ष एवं अधिकतम 4 वर्ष

**अध्ययन सामग्री का माध्यम (Medium)** : हिन्दी

**श्रेयांक (Credit)** : 30

**शुल्क (Fee)** : Rs. 4,100/

**कार्यक्रम संरचना (Programme Structure)** इस कार्यक्रम में निम्नांकित पाँच पाठ्यक्रम हैं -:

| **क्र.स.** (S.No.) | **पाठ्यक्रम का नाम** (**Name of Course**) | **पाठ्यक्रम कोड** (**Course Code**) | **श्रेयांक** (**Credit**) |
|---|---|---|---|
| 1. | जनसंचार और पत्रकारिता : एक परिचय (Mass Communication & Journalism: An Introduction) | DMC-01 | 6 |
| 2. | विज्ञापन एवं जनसम्पर्क (Advertising & Public Relations) | DMC-02 | 6 |
| 3. | इलेक्ट्रानिक मीडिया (Electronic Media) | DMC-03 | 6 |
| 4. | मीडिया कानून (Media Laws) | DMC-04 | 6 |
| 5. | प्रायोगिक प्रश्नपत्र (Practical Paper) | DMC-05 | 6 |

**परीक्षा प्रणाली ( Examination Pattern ) :**

**सत्रांत मुख्य परीक्षा-** न्यूनतम अवधि यानी एक वर्ष के बाद विद्यार्थी को हर पाठ्यक्रम में तीन घंटे की लिखित परीक्षा देनी होगी। हर प्रश्नपत्र 100 अंकों का होगा। हर पाठ्यक्रम में उत्तीर्ण होने के लिए 36 % अंक सत्रांत परीक्षा में लाना अनिवार्य है। DMC-05 का प्रश्नपत्र प्रायोगिक प्रश्नपत्र का होगा। इसके लिए कोई पाठ्य सामग्री नहीं दी जाएगी। यह प्रश्न पत्र **100** अंकों का होगा। इसके लिए दिशा-निर्देश विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर दिए जाएंगे। यह प्रश्नपत्र विद्यार्थियों को परीक्षा केन्द्र पर देना होगा। इसमें समाचार पत्रों, चैनलों और समाचार वेबसाइटों से मिलने वाली जानकारियों के आधार पर सवाल पूछे जाएंगे। इसमें समाचार लेखन, अनुवाद, इंटरव्यू, फीचर, स्तंभ लेख, संस्मरण, यात्रा, खेल, भेंटवार्ता, मेले और प्रदर्शनियां तथा अखबारों-चैनलों में कामकाज की शब्दावली के अलावा सामयिक महत्व के विषयों पर सवाल आधारित होंगे। इसमें कोई भी सत्रीय/आन्तरिक गृह कार्य नहीं दिया जाएगा। विद्यार्थियों को निम्नानुसार श्रेणी दी जाएगी। **प्रथम श्रेणी** - 60 % एवं अधिक, **द्वितीय श्रेणी** - 48 % एवं 60 % से कम, **उत्तीर्ण** - 36 % एवं 48 % से कम

**Cost Estimate of the Programme (in case of Revision) : Not Applicable**